भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1849
गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर
एयर ट्रैफिक कंट्रोल में कार्मिकों की कमी

1849. श्रीमती रचना बनर्जी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के कार्मिकों की स्वीकृत संख्या कितनी है और रिक्तियों की एटीसी-वार संख्या कितनी है;

(ख) देश में कार्यशील एटीसी कार्मिक प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है और विगत पांच वर्षों के दौरान प्रशिक्षित कार्मिकों की वर्ष-वार और प्रशिक्षण केंद्र-वार संख्या कितनी है; और

(ग) क्या एटीसी कार्मिकों की संख्या में कमी के कारण प्रमुख परिचालन इकाइयों का विलय कर दिया गया है या उन्हे बंद करना पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): हवाई यातायात का प्रबंधन, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा 5537 हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) की कुल स्वीकृत संख्या के माध्यम से किया जाता है। हवाई यातायात नियंत्रकों की कुल रिक्तियां 1260 हैं जिसमें उत्तरी क्षेत्र में 396 रिक्तियां, दक्षिणी क्षेत्र में 331 रिक्तियां, पश्चिमी क्षेत्र में 286 रिक्तियां, पूर्वी क्षेत्र में 199 रिक्तियां और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 48 रिक्तियां हैं।

(ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सात (7) कार्यशील एटीसी कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र हैं, जिनमें तीन हवाई यातायात सेवा प्रशिक्षण संगठन (एटीएसटीओएस) अर्थात् सिविल एविएशन ट्रेनिंग कॉलेज (सीएटीसी), प्रयागराज, हैदराबाद ट्रेनिंग सेंटर (एचटीसी), हैदराबाद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट (एनआईएटीएएम), गोंदिया और दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में स्थित चार क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान वर्ष और प्रशिक्षण-केंद्र वार प्रशिक्षित एटीसी कर्मियों की संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

(ग): वॉच ड्यूटी समय-सीमा (डब्ल्यूडीटीएल) के संबंध में नागर विमानन महानिदेशालय - नागर विमानन अपेक्षाओं (सीएआर) के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा हवाई यातायात नियंत्रण अधिकारियों (एटीसीओ) की तैनाती की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप और हवाईअड्डों पर हवाई यातायात की मात्रा के अनुसार होती है ताकि सुरक्षित और कुशल हवाई यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके। मौजूदा नियमों और मानकों के अनुसार उपलब्ध जनशक्ति के इष्टतम उपयोग के माध्यम से विमानन सुरक्षा को बनाए रखा जाता है। जनशक्ति की कमी के कारण कोई मुख्य प्रचालन इकाइयां बंद नहीं की गई हैं।

लोक सभा के दिनांक 11.12.2025 के लिखित प्रश्न संख्या 1849 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वित्त वर्ष	सीएटीसी, प्रयागराज	एचटीसी, हैदराबाद	एनआईएटीएएम, गोंदिया	आरटीसी दिल्ली	आरटीसी मुंबई	आरटीसी कोलकाता	आरटीसी चेन्नई	वर्ष-वार कुल योग
2021-22	370	57	65	78	659	555	481	**2265**
2022-23	811	117	225	85	702	1032	563	**3535**
2023-24	1087	164	322	60	809	874	667	**3983**
2024-25	708	268	209	136	864	919	930	**4034**
2025-26 (आज की तारीख तक)	743	269	159	91	478	894	562	**3196**

*****